



# हनुमना क्षेत्र में अवैध उत्खनन पर नहीं लग रहा अंकुश

## अवैध उत्खनन से शासन को राजस्व का भारी नुकसान, संयुक्त कार्यवाही की आवश्यकता, खनिज माफिया सक्रिय

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 25 दिसम्बर, उत्तर प्रदेश की सीमा से लगे हनुमना की राजस्व और वन भूमि में कई वर्षो से खनिज माफिया अवैध उत्खनन का नंगा नाच कर रहे है. जिम्मेदार जिले के अफसर आंख मूंद कर खनिज माफियाओं को संरक्षण दे रहे है. परिणाम स्वरूप एकेले हनुमना क्षेत्र में सैकड़ो अवैध खदाने चल रही है. जहां से बेश कीमती पत्थर और पटिया की निकासी होती है.**



इतना ही नही मऊगंज जिले में लगातार स्टोन क्रेसर खुल रहे है जहा पर नियमो को ताक पर रखा जा रहा है. निर्धारित स्थान से ज्यादा अवैध उत्खनन किया जा रहा है. पूर्व में कलेक्टर द्वारा जुर्माना भी किया गया. उसके बाद भी खनिज माफिया अवैध उत्खनन करने से बाज नही आ रहे है. आज तक वृहद स्तर पर कोई कार्यवाही नही हुई. शासकी विभाग एक दूसरे पर कार्यवाही करने का पलडा झाडते रहते है. खनिज विभाग कहता है कि जंगल विभाग कार्यवाही करे और जंगल विभाग खनिज विभाग की ओर इशारा कर देता है. जबकि हनुमना क्षेत्र में संयुक्त विभागीय कार्यवाही की आवश्यकता है. गौरतलब है कि हनुमना के अधिकांश क्षेत्र में एनजीटी द्वारा प्रतिबंध लगाया गया है बावजूद यहां पर अवैध उत्खनन हो रहा है. हनुमना तहसील के अन्तर्गत आने वाले लोढ़ी और हाटा एवं मझिगवां, घोरहा पहाड़ के आसपास व्यापक पैमाने पर अवैध उत्खनन हो रहा है. यहां से निकलने वाले पत्थर और पटिया उत्तर प्रदेश जाते है. राजनीतिक संरक्षण भी खनिज माफियाओं को प्राप्त है. बताया गया है कि हनुमना के पूर्वी और पश्चिमी बिल्ली घाट में अवैध खदाने लगी है. खनिज विभाग कभी नही जाता है प्रतिदिन हजारो पटिया यहां से निकलती है पूरा पहाड़ खनिज माफियाओं ने खोखला कर दिया है. अवैध उत्खनन को लेकर कभी भी कार्यवाही नही होती है. जबकि टास्क फोर्स गठित कर अवैध उत्खनन पर शिकंजा कसना चाहिये. हनुमना एवं मऊगंज क्षेत्र से रेत के ट्रक निकलते है. सीधी से अवैध रेत लेकर ट्रक जिले के मार्ग से होकर अन्य जगह जाते है. यहा रेत का अवैध कारोबार भी फल-फूल रहा है. शाम ढ़लते ही रेत के ट्रक निकलने लगते है. अवैध उत्खनन पर अंकुश नही लग रहा है जिससे शासन को राजस्व का नुकसान होता है और खनिज विभाग लक्ष्य पूरा नही कर पाता.

# धरने में बैठने के एक घंटे बाद जागा मेला प्रशासन

**नवभारत न्यूज**

**हनुमना, 25 दिसम्बर, उत्तराखंड पीठाधीश्वर जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी कृष्णाचार्य महाराज को इस वर्ष माघ मेला प्रशासन द्वारा नियत स्थान पर शिविर हेतु प्रयागराज में भूमि आवंटित न किए जाने के विरोध में स्वामी जी महाराज के हजारों शिष्यों सहित युवराज स्वामी गोपालाचार्य के मेला प्रशासन कार्यालय के सामने धरने पर बैठे.**

1 घंटे के अंदर मेला अधिकारी घुटनों के बल नतमस्तक होते हुए जमीन आवंटन के साथ ही उनकी समस्त शर्तों को मानकर तत्काल लिखित आदेश देते हुए गलती के लिए क्षमा याचना की. वहीं युवराज स्वामी गोपालाचार्य ने जमीन आवंटन के लिखित आदेश मिलने के बाद प्योर लाव लश्कर के साथ आवंटित जमीन पर पहुंचकर विधिवत भूमि पूजन कर पुनः वापस दिल्ली के लिए रवाना हो गए. उल्लेखनीय है कि उत्तराखंड पीठाधीश्वर जगतगुरु रामानुजाचार्य पूज्यपाद श्रीस्वामी श्री कृष्णाचार्य जी महाराज ऋषिकेश जिनका संस्था कोड 1479 है को शिविर हेतु प्रयागराज माघ मेला में विगत तीन दशकों से लगातार सेक्टर 3 महावीर मार्ग चौराहे पर भूमि आवंटित की जाती रही है.

लेकिन इस वर्ष मेला प्रशासन ने पूज्य स्वामी जी महाराज को 20 दिसंबर 25 तक भूमि का आवंटन न किए जाने तथा लगातार संस्था के प्रबंधक को आजकल का आश्वासनों की घुंटी पिलाई जाती रही जिससे आक्रोशित होकर अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी गई की 21 दिसंबर को शाम 4:00 बजे तक यदि भूमिका आवंटन नहीं किया गया तो 22 तारीख को पूज्य जगतगुरु स्वामी जी महाराज के उत्तराधिकारी युवराज स्वामी गोपालाचार्य जी महाराज समस्त सिस्टम मंडल के साथ आमरण अनशन पर बैठेंगे. धरने पर बैठ गए 1 घंटे के अंदर मेला अधिकारी ने आकर साष्टांग प्रणाम करते हुए उन्हें तत्काल पूर्व से निर्धारित स्थान पर ही शिविर लगाने के लिये कहा.

# नियमित कर्मचारियों को तीन माह से नहीं मिला वेतन

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 25 दिसम्बर, मऊगंज नगर परिषद में प्रशासनिक लापरवाही और तानाशाही रवैये का चरम उदाहरण सामने आया है. नगर परिषद के नियमित कर्मचारियों को विगत तीन महीनों से वेतन नहीं दिया गया, जबकि कर्मचारी प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक नियमित रूप से कार्य कर रहे हैं.**

कर्मचारियों का सीधा आरोप है कि नगर परिषद के सीएमओ महेश पटेल जानबूझकर वेतन भुगतान से इनकार कर रहे हैं, जिससे कर्मचारियों के घर-परिवार भुखमरी की कगार पर पहुंच चुके हैं. बच्चों की पढ़ाई, इलाज, किराया और रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना कर्मचारियों के लिए असंभव हो गया है. सबसे गंभीर तथ्य यह है कि सीएमओ महेश पटेल अक्सर कार्यालय से नदारद रहते हैं और नगर परिषद में कोई जवाबदेही शेष नहीं बची है. वहीं दूसरी ओर मेंटेनेंस, डीजल और पेट्रोल खर्चों में भारी भ्रष्टाचार के आरोप भी सामने आ रहे हैं, जिसकी निष्पक्ष जांच आज तक नहीं की गई. यह प्रश्न अत्यंत गंभीर है कि, जब शासन द्वारा वेतन भुगतान के स्पष्ट निर्देश हैं, तो फिर तीन महीने से कर्मचारियों का वेतन क्यों रोका गया? क्या यह शोषण नहीं, बल्कि कर्मचारियों को मानसिक और आर्थिक रूप से तोड़ने की साजिश है? नगर परिषद की इस मनमानी के कारण प्रशासन की छवि धूमिल हो रही है और कर्मचारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है. यदि शीघ्र वेतन बहाल नहीं किया गया और दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो कर्मचारी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे.

# जन्म शताब्दी अटल स्मृति के उपलक्ष पर कार्यालय में दीपोत्सव

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 25 दिसम्बर, जन्म शताब्दी अटल स्मृति वर्ष के निमित् पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व.पंडित अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्मजयन्ती के पूर्व संध्या पर जिला भाजपा कार्यालय मऊगंज में दीपोत्सव का कार्यक्रम संपन्न हुआ.**



जिसमें मुख्य रूप से जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष संतोष सिंह सिसोदिया जनपद अध्यक्ष मऊगंज नीलम सिंह जिला उपाध्यक्ष द्वय बंशगोपाल तिवारी प्रकाश चौरसिया जिला महामंत्री प्रमोद यादव जिला मीडिया प्रभारी अजय मिश्रा (रज्जू) सह प्रभारी राजाराम गुप्ता जिला कार्यालय मंत्री भरत पांडेय सोनल सिंह गहरवार बूथ अध्यक्ष द्वय विनोद मिश्रा सुनीता मिश्रा एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

# कर्मचारी संघ त्योंथर ने सुंदरकाण्ड का पाठ कर लगाया भोग

**नवभारत न्यूज**

**चाकघाट, 25 दिसम्बर, मध्यप्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ तहसील शाखा त्योंथर के संयोजन में तहसील प्रांगण त्योंथर के हनुमान मंदिर में विशेष पूजा अर्चना कर 60 किलो लड्डू का भोग लगाकर सार्वजनिक रूप से प्रसाद वितरण किया गया.**

सौभाग्यशाली, हनुमत कृपा प्राप्त भक्तजनों ने प्रसाद रूपी आशीर्वाद प्राप्त कर धन्यता का अनुभव किया. निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मध्यप्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ तहसील शाखा त्योंथर के संरक्षक श्याम विहारी तिवारी की विशेष उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में आचार्य स्वामीशरण चतुर्वेदी के द्वारा विधि विधान से पूजन कराया गया. पूज्यपाद गोस्वामी श्रीतुलसी दास कृत रामचरितमानस के सुन्दरकाण्ड का पाठ,एवं आरती की गई 7 मुख्य यजमान मध्यप्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ त्योंथर के पूर्व ब्लाकअध्यक्ष एवं वर्तमान राष्ट्रीय सचिव अखिल भारतीय राज्य कर्मचारी महासंघ वीरेन्द्र सिंह बघेल रहे. इस दौरान प्रमुख रूप से वरिष्ठ पत्रकार रामलखन गुप्त, मंदिर के पुजारी हरिशंकर शुक्ल, कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों में वीरेन्द्र शर्मा, अवध विहारी सिंह, गोविंद नारायण मिश्र, राकेश सिंह,नरेन्द्र सिंह, हजारीलाल सिंह, युवराज सिंह सहित कई साथी उपस्थित रहे.

इसके साथ ही जनपद पंचायत, तहसील एवं न्यायालय प्रांगण में उपस्थित सभी अधिकारियों कर्मचारियों नागरिक जनों को प्रसाद वितरण किया गया. सुन्दरकांड में लोगो ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और पाठ करने में लीन रहे.



कर्मचारी संघ द्वारा आयोजित सुंदरकांड में शामिल कर्मचारी

# कम राशि जमा करने वाले कर्मचारी को सीएमओ ने हटाया

**नवभारत न्यूज**

**गुढ़, 25 दिसम्बर, नगर परिषद गुढ़ में बाजार बैठकी एवं बस स्टैण्ड फीस वसूली में ड्यूटी में लगाये गये नगर परिषद गुढ़ के श्रमिक मुल्तान खान द्वारा वसूली की कम राशि जमा की जा रही थी.**

जिसकी जॉंच नगर परिषद गुढ़ के मुख्य नगर पालिका अधिकारी के.एन. सिंह द्वारा की गई. जिसमें पाया गया कि वर्तमान समय में नगर परिषद से जो कर्मचारी ड्यूटी हेतु लगाया गया है वह वसूली गई राशि से कम राशि निकाय में जमा कर रहा है जिस कारण से निकाय को काफी क्षति हो रही है.

नगर परिषद गुढ़ को आर्थिक क्षति पहुॅंचानें वाले वसूली में लगाये गये कर्मचारी मुल्तान खान को तत्काल प्रभाव ड्यूटी से हटाते हुऐ उनके स्थान पर राजेन्द्र कुमार मिश्रा को उपरोक्त बाजार बैठकी एवं स्टैण्ड शुल्क वसूली करनें हेतु ड्यूटी लगाई गई है. उपरोक्त आदेश 24.12.2025 से तत्काल प्रभाव से लागू होगा. मुख्य नगर पालिका अधिकारी नें आदेश जारी करते हुऐ कहा है, कि निकाय की काफी आर्थिक क्षति हो रही थी ऐसी स्थिति में निकाय को लाभ पहुॅंचानें के उद्देश्य से कर्मचारियों की ड्यूटी में परिवर्तन किया गया है लापरवाही करने वाले कर्मचारियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही किये जाने का प्रावधान है. जिसके चलते यह कार्यवाही की गई है.

# बीआरसी मऊगंज को मूल पद में भेजे जाने की मांग

मऊगंज, 25 दिसम्बर, देश बचाओ आध्यात्मिक राष्ट्रीय पुनर्जागरण अभियान के संरक्षक मुद्रिका प्रसाद त्रिपाठी विश्वमित्र ने बताया कि विगत दो-तीन वर्षो से विकासखंड स्त्रोत समन्वयक मऊगंज शिव कुमार रजक जिनका मूल पद उच्च माध्यमिक शिक्षक है जिन पर भ्रष्टाचार, घूसखोरी एवं लेनदेन के अनेक आरोप लगते रहे हैं. तत्काल बीआरसी मऊगंज की प्रतिनियुक्ति समाप्त कर मामले की समुचित जांच कर दोषियों को दंडित करने की मांग की है.

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चाकघाट हुआ अराजकता का शिकार

**नवभारत न्यूज**

**चाकघाट, 25 दिसम्बर, मध्य प्रदेश के प्रवेश द्वार पर स्थित 30 विस्तारयुक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चाकघाट व्यवस्था और अराजकता का केंद्र बनता जा रहा है. यहां पर उपस्थित रहने वाले चिकित्सक समय पर अस्पताल नही पहुंचते.**

दवा के लिए मरीजों को बाहर से दवा लेना पड़ रहा है. अस्पताल में एक्स-रे मशीन सहित अन्य कई जांच की सुविधा शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई है किंतु उसका संचालन न होने के कारण मरीजों को प्राइवेट अस्पताल का रास्ता दिखाया जा रहा है. दलालों के चंगुल में फंस रहे मरीज को शासकीय योजना के तहत राहत दिए जाने की आवश्यकता है.

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सर्व सुविधा उपयुक्त आईसीयू वार्ड का निर्माण किया गया है लेकिन चिकित्सकों की कमी से यह वर्ड प्रारंभ नहीं हो सका है. यहां के तथाकथित जनरल वार्ड जिनकी संख्या 30 बतायी जाती हैवह सुविधा कम कर दी गई है. वहां पर व्यवस्था एवं लापरवाही का नजारा कभी भी देखा जा सकता है अस्पताल के वार्ड से बेड का गद्दा चद्दर कंबल गायब होते जा रहे हैं. इस अस्पताल में गत दिवस महिला नसबंदी कैंप लगाया गया था जिसमें मरीज को काफी परेशानी उठानी पड़ी थी. लोग ठंड में ठिठुरते रहे. छोटे-छोटे बच्चे भूखे प्यासे व्याकुल रहे. अस्पताल प्रबंधन द्वारा न तो अलाव की व्यवस्था की गई थी और न हीं छोटे बच्चों के लिए दूध पानी आदि की व्यवस्था की गई थी.

चाकघाट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से मध्य प्रदेश सीमा पर एक किलोमीटर के भीतर कई प्राइवेट अस्पताल प्रारंभ हुए जहां मरीजों को भेजने की व्यवस्था बना रही है. यहां उपलब्ध होने वाले उपचार की सुविधा न देकर प्राइवेट अस्पताल भेज देते है.

# केंद्र के समान महंगाई राहत देने सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 25 दिसम्बर, मध्य प्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर्स संयुक्त मोर्चा जिला इकाई मऊगंज द्वारा मुख्यमंत्रीके नाम कलेक्टर मऊगंज के माध्यम से एक ज्ञापन सौंपा गया. ज्ञापन में विद्युत पेंशनरों की लंबित एवं महत्वपूर्ण मांगों को प्रमुखता से उठाया गया.**

पेंशनर्स संयुक्त मोर्चा ने मांग की है कि विद्युत पेंशनरों को पेंशन का भुगतान ट्रेजरी के माध्यम से सुनिश्चित किया जाए, ताकि समय पर एवं नियमित भुगतान हो सके. साथ ही विद्युत पेंशनरों को देय महंगाई राहत केंद्र सरकार के कर्मचारियों एवं पेंशनरों के समान दिए जाने की मांग भी की गई. यह ज्ञापन मध्य प्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर्स संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर मऊगंज जिला इकाई द्वारा सौंपा गया. इस अवसर पर जिला इकाई अध्यक्ष सुरेश प्रसाद पांडेय, सचिव रमाशंकर शुक्ल, देवेंद्र द्विवेदी, कमलेश्वर सिंह, एस.पी. मिश्रा, जानकी कुशवाहा, रामाश्रय वर्मा, वैद्यनाथ पटेल, मनसुख लाल पांडे, कृष्णकांत तिवारी मौजूद रहे.

# संगठन ने शहीद स्मारक के सौंदर्यीकरण की रखी मांग

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 25 दिसम्बर, देश बचाओ आध्यात्मिक राष्ट्रीय पुनर्जागरण अभियान के तत्त्वाधान में मऊगंज ब्लॉक के समक्ष स्थित शहीद स्मारक पर पुष्पवर्षा कर शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई.**

इस अवसर पर अभियान से जुड़े पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा जनपद के सक्षम अधिकारी से शहीद स्मारक के समुचित संरक्षण की मांग की गई. प्रतिनिधिमंडल ने शहीद स्मारक के साथ चबूतरा निर्माण, घेराबंदी एवं सौंदर्यीकरण कराए जाने का औपचारिक निवेदन प्रस्तुत किया, जिस पर सक्षम अधिकारी द्वारा एक माह के भीतर कार्य पूर्ण कराने का आश्वासन दिया गया. इसके पश्चात राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, शहीद केदारनाथ एवं स्वर्गीय रामधनी मिश्रा की प्रतिमाओं पर पुष्पमालाएँ अर्पित कर उनके महान त्याग और बलिदान को स्मरण किया गया. कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह ने शहीदों के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प भी लिया.



तत्पश्चात अभियान के प्रतिनिधियों ने कलेक्टर से भेंट कर अनशन के माध्यम से उठाई गई जनहितकारी मांगों को पूर्ण किए जाने पर उनका आभार व्यक्त किया. कार्यक्रम शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ.

# स्वामी माधवाचार्य की तपस्थली में 29 तक बहेगी राम कथा की त्रिवेणी

**नवभारत न्यूज**

**हनुमना, 25 दिसम्बर, स्वामी माधवाचार्य जी महाराज की तपस्थली रामलीला मैदान में ब्रह्मलीन पंडित सूर्य प्रताप मिश्रा स्मृति 61 वां अखिल भारतीय श्री रामचरित मानस सम्मेलन का आयोजन 25 दिसंबर से 29 दिसंबर तक किया गया है.**

पंडित किशन प्रताप मिश्र के योग्य पुत्र प्राध्यापक के नाते हनुमना की माटी की सुगंध समोसे देश में बिखरने वाले डॉक्टर नवल किशोर मिश्रा ने नगर के युवाओं को लेकर हनुमत मानस समिति का गठन किया और उसके प्रावधान में देश के विभिन्न विद्वानों को बुलाकर पंडित सूर्य प्रताप मिश्रा की स्मृति में पुनः अखिल भारती श्री रामचरितमानस सम्मेलन की श्रृंखला को पुनर्जीवित करते हुए अनंत श्रीविभूषित परम तपस्वी स्वामी माधवाचार्य की तपस्थली रामलीला मैदान में विधिवत शुभारंभ किया जो अनवरत प्रत्येक वर्ष परंपरा चल रही है. उसी के अनुरूप इस वर्ष आज25 दिसंबर से 29 दिसंबर तक चलने वाली श्री राम मानस सम्मेलन में सभी को आमंत्रित किया है.

# कलेक्टोरेट व जिला पंचायत में दिलाई गई सुशासन दिवस की शपथ

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 25 दिसम्बर। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर गौरव बैनल अधिकारियों और कर्मचारियों को सुशासन दिवस की शपथ दिलाई। वहीं जिला पंचायत में जिंप सीईओ जगदीश गोमे के द्वारा अधिकारी-कर्मचारियों को सुशासन दिवस की शपथ दिलाई गई।**



कलेक्टर ने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी बाजपेयी का जन्मदिन 25 दिसंबर सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने देश को नई दिशा दी। उन्होंने ने सार्वजनिक जीवन में सुचिता तथा सेवा के नये मापदण्ड स्थापित किए। आगे कहा कि सभी अधिकारी तथा कर्मचारी पूरी निष्ठा और लगन के साथ सौंपे गए उत्तरदायित्व निर्वहन करें। शासन की योजनाओं तथा कल्याणकारी कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन करें।

गरीबों के हितसंवर्धन के लिए सतत प्रयास करें। अपने कार्यालय को व्यवस्थित और साफ-सुथरा रखें। यही सुशासन का मूलमंत्र है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर संजीव पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की, कोषालय अधिकारी श्रीकांत त्रिपाठी, आबकारी अधिकारी सतीश कश्यप, उपसंचालक उद्यानिकी एचएल निमोरिया सहित कलेक्ट्रेट कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# 13 वी अन्तरराष्ट्रीय विज्ञान कांग्रेस में कार्तिकेय को युवा वैज्ञानिक सम्मान

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 25 दिसम्बर, कार्तिकेय मिश्र को 13वीं अंतरराष्ट्रीय विज्ञान कांग्रेस (आईएससी-2025) में 'इंटरनेशनल यंग साइंटिस्ट अवॉर्ड फॉर बेस्ट ओरल प्रेज़ेंटेशन' से सम्मानित किया गया.**




यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन इंटरनेशनल साइंस कम्युनिटी एसोसिएशन द्वारा 8-9 दिसंबर 2025 को डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या (उत्तर प्रदेश) में आयोजित किया गया. सम्मेलन के दौरान कार्तिकेय मिश्र ने 'मशीन लर्निंग तकनीकों के माध्यम से भूमि उपयोग एवं भूमि आवरण परिवर्तनों का विश्लेषण एवं पूर्वानुमान' विषय पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया.

शोध निष्कर्षों के अनुसार, आवासीय विस्तार, आधारभूत संरचनाओं के विकास एवं मानवीय गतिविधियों में वृद्धि के कारण प्राकृतिक भूमि आवरण पर गंभीर दबाव पड़ा है. मशीन लर्निंग आधारित मॉडल भविष्य में होने वाले इन परिवर्तनों का पूर्वानुमान प्रस्तुत करते हैं, जो पर्यावरण संरक्षण, शहरी नियोजन, जल संसाधन प्रबंधन एवं सतत विकास नीतियों के निर्माण में सहायक सिद्ध हो सकते हैं. उल्लेखनीय है कि कार्तिकेय मिश्र रीवा जिले के गंगेव विकास खंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बांस के अमवा गांव के रहने वाले हैं. दादा मेवालाल, दादी लीलादेवी ने हर्ष जताया.